**बिहार विधान सभा सचिवालय**

ज्ञापांक-क्रय-09/2025- 2765 /वि०स०, पटना, दिनांक- 07.07.25

## निविदा आमंत्रण

बिहार विधान सभा सचिवालय में विभिन्न प्रकार के फारमों का मुद्रण एवं रजिस्टर बाईडिंग कर आपूर्ति करने हेतु इच्छुक स्थानीय प्रतिष्ठानों / फर्मों से न्यूनतम दर GST सहित सीलबंद लिफाफे में निविदायें अधोहस्ताक्षरी के नाम से उनके कार्यालय कक्ष में यथानिर्धारित शर्तों के अधीन दिनांक-17.07.2025 को 3:00 बजे अप० तक आमंत्रित की जाती है । सभी प्राप्त निविदायें सभापति क्रय समिति, बिहार विधान सभा के कार्यालय कक्ष में दिनांक-17.07.2025 को 5:00 बजे अप० में क्रय समिति के समक्ष खोली जाएंगी, जिसमें सभी निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि नमूना के साथ उपस्थित रहेंगे ।

**निविदा से संबंधित आवश्यक निर्धारित शर्त्तें:-**

1. निविदा सीलबंद लिफाफे में होने चाहिए, जिसमें तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग लिफाफा में हो, जिसपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अंकित करते हुए फर्म का नाम, पता, दूरभाष / मोबाईल नं० एवं ई-मेल अंकित होना चाहिए ।
2. निविदा टंकित एवं इसके प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुहरित होना आवश्यक है ।
3. निविदा के साथ फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर चुकता प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी. चुकता प्रमाण पत्र दो वर्षों का संलग्न होना चाहिए । सभी आवश्यक कागजात सही पाये जाने पर ही तकनीकी निविदा में अर्हता प्राप्त निविदादाताओं की वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा । निविदा के साथ संलग्न सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित एवं सांख्यांकित होना चाहिए ।
4. निविदादाता को निविदा के साथ नोटराईज्ड शपथ-पत्र (शपथ-पत्र निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का) संलग्न करना आवश्यक होगा, जिसमें यह अंकित होगा कि उनके फर्म को सरकार अथवा किसी अन्य प्रतिष्ठित संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं रखा गया है तथा इससे संबंधित कोई मुकदमा दर्ज नहीं है।
5. चयनित फर्म / प्रतिष्ठान को स्वीकृत दर पर सामग्रियों की आपूर्त्ति अगले 02 (दो) वर्षों तक करनी होगी ।
6. निविदा में सामग्रियों का दर एवं मात्रा अंकित करना आवश्यक होगा ।
7. निविदा में सामग्रियों की मात्रा कार्यालय द्वारा तय कर दिया गया है तथा निविदादाताओं को तय मात्रा के आलोक में ही दर का उल्लेख करना है ।
8. निविदादाता को निविदा के साथ अग्रधन के रूप में जमानत राशि अंके 10,000/- (दस हजार) रु० का बैंक ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी के नाम से देय होगा, जिसकी वापसी अनुबंध समाप्त होने के पश्चात की जा सकेगी ।
9. सभी निविदादाता कार्यालय कार्य दिवसों में अवर सचिव के मोबाईल संख्या-9852429945 पर निविदा पूर्व निविदा से संबंधित सूचना या जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।
10. किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द / अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सभा सचिवालय को सुरक्षित रहेगा ।
11. निविदादाता को समरूप मामलों में वस्तुओं एवं सामग्रियों की आपूर्ति से संबंधित कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है ।

12. निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ यह होगा कि निविदादाता को सभी शर्तें मान्य है ।

13. कार्य संतोषप्रद नहीं रहने की स्थिति में दर अनुबंध समाप्त करते हुए जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी ।

विभिन्न प्रकार के फार्मों का मुद्रण एवं रजिस्टर बांईडिंग से संबंधित विवरणी निम्नलिखित है:-

| क्र०सं० | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1. | कार वाहन पास-प्रति सैकड़ा (मुद्रण) |
| 2. | दैनिक भत्ता/यात्रा भत्ता/रेलवे कूपन का आवंटन पंजी का फार्म का मुद्रण एवं बाईंडिंग-प्रति हजार पृष्ठ |
| 3. | दूरभाष/मोबाईल रजिस्टर का मुद्रण एवं बाईंडिंग- प्रति हजार पृष्ठ |
| 4. | अतिथि निवास पंजी का मुद्रण एवं बाईंडिंग- प्रति हजार पृष्ठ |
| 5. | एलॉटमेन्ट/रोकड़ रजिस्टर से संबंधित फार्म का मुद्रण एवं रजिस्टर बाईडिंग-प्रति हजार पृष्ठ |
| 6. | B.T.C Form-10 का मुद्रण- प्रति हजार पृष्ठ |
| 7. | वेतन विपत्र फार्म नं०-17 का मुद्रण एवं 250 से 300 पृष्ठों में रजिस्टर बाईडिंग- प्रति हजार पृष्ठ |
| 8. | B.T.C Form-50 का मुद्रण- प्रति हजार पृष्ठ |
| 9. | B.T.C Form-25 का मुद्रण- प्रति हजार पृष्ठ |
| 10. | B.T.C Form-56 का मुद्रण- प्रति हजार पृष्ठ |
| 11. | B.T.C Form-13 का मुद्रण- प्रति हजार पृष्ठ |
| 12. | B.T.C Form-51 का मुद्रण- प्रति हजार पृष्ठ |
| 13. | B.T.C Form-20 का मुद्रण- प्रति हजार पृष्ठ |
| 14. | लेटर पैड A/3, A/4, A/5, A/6 एवं A/8 आकार- प्रति हजार पृष्ठ (मुद्रण) |
| 15. | 10"X4.5" का लिफाफा का मुद्रण (Royal Bond Paper)- प्रति हजार लिफाफा |
| 16. | Visiting Card Embossed प्रति हजार (मुद्रण) |
| 17. | ब्राउन कलर में बड़ा लिफाफा (11"×15") एवं छोटा लिफाफा (13"×05") 100 जी.एस.एम के अच्छे गुणवत्ता के कागज पर Printed 'Bihar Vidhan Sabha' as per sample मुद्रण प्रति हजार |
| 18. | बिहार विधान सभा का पैड, प्रिंटेड बिहार विधान सभा A6 साईज में 25 पृष्ठो का पैड- प्रति हजार में (मुद्रण) |

आदेश से,

7.7.25

(संजीव कुमार)

अवर सचिव

बिहार विधान सभा, पटना ।

07-7-25